निबंधन एवं शर्तें

वरिष्ठ परामर्शदाता - परिवार नियोजन (एक पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतया संविदात्मक आधार पर उपर्युक्त पद के लिए योग्य अभ्यार्थियों से से आवेदन पत्र आमंत्रित कर रहा है।

रिपोर्टिंग अधिकारी: उपायुक्त, (परिवार नियोजन), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

भूमिका और उत्तरदायित्व:

परामर्शदाता स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के परिवार नियोजन में कार्यरत होगा तथा उपायुक्त, परिवार नियोजन के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण में कार्य करेगा। इस पद के विशेष उत्तरदायित्व निम्नलिखित हैं:

1. राज्य तथा जिला स्तरों पर डाटा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु ऑनसाइट डाटा सत्यापन तथा सहायक पर्यवेक्षण के लिए सभी प्रगतिरत प्रशिक्षणों की प्रगति, फील्ड कार्य-कलापों की मानीटरिंग हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मानीटरिंग हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के फील्ड दौरे करना। इसकी रिपोर्ट तैयार करना तथा इसे परिवार नियोजन प्रभाग के साथ साझा करना तथा की गई अभ्युक्तियों के आधार पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सुधारात्मक कार्यवाही हेतु तथा किए गए सुधारों के लिए अग्रिम अनुवर्ती कार्रवाई हेतु सुझाव देना।
2. परिवार नियोजन प्रभाग के लिए तकनीकी अद्यतनों तथा नई प्रौद्योगिकी अद्यतन में सहायता।
3. राज्य सरकारों को गुणवत्तायुक्त तकनीकी सहायता के प्रावधान सुनिश्चित करने हेतु अपेक्षित सभी कार्यकलाप करना ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संपर्क तथा संभार तंत्रीय प्रबंधन सहित स्थापित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण/कार्यशालाएं आयोजित की जाएं।
4. राज्यों, राज्य के स्वास्थ्य सचिवों, प्रशिक्षण संस्थानों तथा राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के चिकित्सा कॉलेजों के साथ मजबूत संबंध विकसित करना तथा उन्हें कायम रखना। प्रशिक्षण की मानीटरिंग करना तथा प्रशिक्षण कैलेंडर को तैयार करने तथा प्रशिक्षण कार्यकलापों के संबंध में अनुवर्ती कार्रवाई करने हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता प्रदान करना।
5. देश के सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के एनएचएम के अंतर्गत राज्य कार्यक्रम कर्यान्वयन योजना (पीआईपी) के परिवार नियोजन घटक का मूल्यांकन करना तथा उनका और ज्यादा सुदृढ़ीकरण हेतु उपयुक्त कार्रवाई हेतु सुझाव देना। यह सुनिश्चित करने हेतु अनुवर्ती कार्रवाई करना कि राज्य की संशोधित पीआईपी में इन सुझावों पर संतोषजनक रूप से ध्यान दिया जाए।
6. खूबियों तथा खामियों की पहचान करने तथा इनसे निपटने के लिए कदमों पर चर्चा करने हेतु राज्यों/जिलों/सुविधा केंद्रों का समय-समय पर दौरा करना। यह सुनिश्चित करने हेतु अनुवर्ती कार्रवाई करना कि संगत कदम कार्यान्वित किए जाएं। एक माह में कम से कम दस दिन की यात्रा करना निर्धारित है।
7. परिवार नियोजन के कार्यकलापों के अनुमोदित बजट के व्यय संबंधी पैटर्न की मानीटरिंग सहित राज्यों में परिवार नियोजन कार्यक्रम की संपूर्ण मानीटरिंग तथा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को समय पूर्वक सुधारात्मक कार्रवाई हेतु सुझाव देना ताकि समस्या का पता लगते ही इसमें सुधार किया जा सके।
8. निष्पादन मानक मूल्यांकन करने तथा सेवा प्रदायक को प्रशिक्षित करने हेतु राज्य स्वास्थ्य विभाग से प्रशिक्षण उपरांत सहायता के सभी पहलुओं का मूल्यांकन करने सहित निष्पादित सहायक पर्यवेक्षी दौरे करना तथा दौरों के संबंध में रिपोर्ट बनाना।

9. समीक्षा बैठकों, वार्षिक रिपोर्टों, वार्षिक कार्य योजनाओं के लिए रिपोर्टें तथा उच्च गुणवत्तायुक्त विश्लेषित डाटा प्रदान करना और इसका यथोपेक्षित प्रचार-प्रसार करना।
10. पर्यवेक्षक द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य।

पात्रता:

1. एमबीबीएस, एमपीएच अथवा समकक्ष का वरीयता।
2. एनएचएम/आरसीएच में कार्य करने का अनुभव प्राप्त सहित विकास एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्ष कार्य का अनुभव।
3. औपचारिक शैक्षिक योग्यता, अनुभव और उम्र में तब छूट दी जा सकती है जब उच्च गुणवत्ता लेख प्रकाशित किया गया हो अथवा जब विशिष्ट प्रासंगिकता के काम करने का अनुभव हो।

अनवार्य दक्षता एवं कौशल

1. सुदृढ़ समालोचक विश्लेषण एवं रिपोर्ट लेखन दक्षता होना अपेक्षित है।
2. उतकृष्ट अंतर्वैयक्तिक दक्षता, हिंदी और अंग्रेजी दोनों में मौखिक तथा लिखित संप्रेषण दक्षता होना
3. प्रबंधन तथा फील्ड स्टॉफ के साथ समन्वय स्थापित करने की क्षमता।
4. अत्यधिक यात्रा करने की क्षमता एवं तत्परता।

आयु: दिनांक 1/4/2017 की तिथि के अनुसार 55 वर्ष से अधिक न हो। विस्तृत क्षेत्र दौरों पर जाने हेतु स्वास्थ्य उत्तम हो।

पारिश्रमिक की सीमा: प्रतिमाह रु.90,000/- से रु.1,30,000/- के बीच।

स्थान: नई दिल्ली।

आवेदन कैसे करें:

कैंडिडेट्स को अनुरोध किया जाता हैं के वह एनएचएसआरसी वेबसाइट पर उपलब्ध ToR के साथ संलग्न आबेदन पत्र को डाउनलोड करे और विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को ई.मेल mohfw.recruitment@gmail.com में दिनांक **1-Jul-2017** को अपराह्न्न 4 बजे तक **अवश्य भेज** दे। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।